
# 13. कदम्ब का पेड़



यह कदम्ब का पेड़ अगर माँ,
होता यमुना तीरे।
मैं भी उस पर बैठ कन्हैया,
बनता धीरे-धीरे।
ले देतीं यदि मुझे बाँसुरी,
तुम दो पैसे वाली।
किसी तरह नीची हो जाती,
यह कदम्ब की डाली।
तुम्हें नहीं कुछ कहता पर मैं–
चुपके-चुपके आता।
उस नीची डाली से अम्मा–
ऊँचे पर चढ़ जाता।
वहीं बैठ फिर बड़े मज़े से,
मैं बाँसुरी बजाता।
अम्माँ-अम्माँ कह वंशी के–
स्वर में तुम्हें बुलाता।
सुन मेरी वंशी को माँ तुम,
इतनी खुश हो जातीं।
मुझे देखने काम छोड़ कर–
तुम बाहर तक आतीं।
तुमको आता देख बाँसुरी रख–
मैं चुप हो जाता।
एक बार माँ कह पत्तों में,
धीरे से छिप जाता।
तुम हो चकित देखतीं चारों–
ओर न मुझको पातीं ।
तब व्याकुल-सी हो कदम्ब के–
नीचे तक आ जातीं।
पत्तों का मर-मर स्वर सुन जब,
ऊपर आँख उठातीं।
मुझे देख ऊपर डाली पर–
कितना घबरा जातीं।
गुस्सा होकर मुझे डाँटतीं,
कहतीं 'नीचे आ जा'।
पर जब मैं न उतरता हँस कर–
कहतीं मुन्ना राजा।
नीचे उतरो मेरे भैया,
तुम्हें मिठाई दूँगी।
नए खिलौने माखन मिश्री,
दूध मलाई दूँगी।
मैं हँस कर सबसे ऊपर की–टहनी
पर चढ़ जाता।
पत्तों में छिप-कर धीरे से,
फिर बाँसुरी बजाता।
बहुत बुलाने पर भी माँ जब–
मैं न उतर कर आता।
तब माँ, माँ का हृदय तुम्हारा–
बहुत विकल हो जाता।
तुम आँचल पसार कर अम्माँ,
वहीं पेड़ के नीचे।

ईश्वर से कुछ विनती करतीं,
बैठी आँखें मीचे।
तुम्हें ध्यान में लगी देख मैं,
धीरे-धीरे आता।
और तुम्हारे फैले आँचल
के नीचे छिप जाता।
तुम घबरा कर आँख खोलतीं,
पर माँ, खुश हो जातीं,
जब अपने मुन्ना राजा को–
गोदी में ही पातीं।
इसी तरह कुछ खेला करते–
हम तुम धीरे-धीरे
यह कदंब का पेड़ अगर,
माँ होता यमुना तीरे।

–सुभद्रा कुमारी चौहान

| शब्दार्थ | | |
|---|---|---|
| चकित होना | – | हैरान होना |
| व्याकुल | – | बेचैन |
| स्वर | – | आवाज़ |
| विनती करना | – | प्रार्थना करना |

## अभ्यास

### कविता में से

1. बालक कन्हैया क्यों बनना चाहता है?
2. माँ का हृदय व्याकुल क्यों हो जाता है?
3. माँ ईश्वर से क्यों विनती करती?
4. बच्चे को नीचे उतारने के लिए किन-किन प्रलोभनों की बात की गई है?
5. बालक किसके साथ और कौन-सा खेल खेलना चाहता है?

## आपके अनुभव

1. इस कविता की कौन-कौन सी पंक्तियाँ आपको सबसे अच्छी लगी और क्यों ?
2. अपनी माँ को खुश करने के लिए आप कौन-कौन से काम करते हैं?
3. पेड़ पर चढ़ने का अपना कोई किस्सा या अनुभव सुनाइए ।
4. **नीचे लिखे वाक्यों को अपने अनुभव के आधार पर पूरा कीजिए -**

- मेरी माँ मुझे इसलिए डाँटती हैं, क्योंकि ----------------------------------

  ----------------------------------------------------------------------

- मेरी माँ चाहती हैं कि ----------------------------------------------------

  ----------------------------------------------------------------------

- मैं चाहता हूँ कि मेरी माँ ----------------------------------------------

  ----------------------------------------------------------------------


## कैसे पता चला ?

**कविता में से उन पंक्तियों को छाँटकर लिखिए जिनसे पता चलता है कि -**

1. उसका बच्चा पेड़ पर बैठा है।
2. किसी कठिनाई में हम ईश्वर को याद करते हैं।

## शब्दों की दुनिया

1. **'कल'** शब्द में **'वि'** जोड़ने से शब्द बनता है–**'विकल'**।
**'कल'** का अर्थ होता है–चैन, आज के पहले का दिन, आज के बाद आने वाला दिन, मशीन। **'वि'** लगने से अर्थ बदल जाता है। **'विकल'** का अर्थ है **'बेचैन'**।
आप भी नीचे दिए गए शब्दों में **'वि'** लगाकर नए शब्द बनाइए–




------------------ ------------------ ------------------

------------------ ------------------ ------------------

2. **सही शब्दों से पत्र को पूरा कीजिए –**

पक्षी, झाड़ियाँ, गेट, फूल, फव्वारा, नीला, पेड़, बगीचे

**प्रिय मित्र अली,**

इस पत्र में मैं तुम्हें अपने ---------- के बारे में लिख रहा हूँ। मेरे बगीचे में रंग-बिरंगे ---------- खिले हैं। वहाँ आम के बड़े-बड़े पाँच ---------- हैं। पानी का एक ---------- भी है। वहाँ सुंदर ---------- उगी है। ऊपर ---------- आसमान दिखाई देता है। आसमान में ---------- उड़ते रहते हैं। बगीचे के अंदर जाने के लिए एक बड़ा ----------है। अगली बार आओगे तो तुम्हें बगीचा दिखाऊँगा।

**तुम्हारा मित्र**
**ननकू**

## 3. वचन के सही रूप से खाली स्थान को भरें –

- वह ------------ में छिप गया। (पत्ता)
- पेड़ की ------------ नीचे आ गई थी। (डाली)
- कन्हैया के पास एक ------------ है। (बाँसुरी)
- चिड़िया ने ------------ पर घोंसला बनाया। (पेड़)
- हमारे बगीचे में आम के ------------ की कतारें हैं। (पेड़)
- मामाजी नया ------------ लाए। (खिलौना)
- उसने मेरे ------------ सँभालकर रखे थे। (खिलौना)
- माँ की ------------ भर आईं। (आँख)

## 4. इस कविता में अनेक क्रिया शब्द आए हैं, जैसे – बुलाना, देखना, चढ़ना, बजाना आदि।

कविता में से कोई पाँच पंक्तियाँ छाँटकर लिखिए जिनमें क्रिया शब्द आए हैं। उन पंक्तियों में क्रिया शब्दों पर घेरा लगाइए।

- ------------------------------------------------------------------------
- ------------------------------------------------------------------------
- ------------------------------------------------------------------------
- ------------------------------------------------------------------------
- ------------------------------------------------------------------------

## 5. कविता में माँ बालक को कई नामों से पुकारती है – मुन्ना, राजा, भैया। आपकी माँ आपको क्या-क्या कहकर पुकारती हैं ?

--------------------- ----------------------- ------------------

## 6. नीचे दी गई पंक्तियों को ध्यान से पढ़िए –

- एक बार माँ कह पत्तों में, <u>धीरे से</u> छिप जाता।
- इसी तरह कुछ खेला करते, हम तुम <u>धीरे-धीरे</u>।

दोनों वाक्यों में 'धीरे' शब्द का प्रयोग हुआ है ।

1. दोनों वाक्यों में धीरे' शब्द के अर्थ में क्या अंतर है?
   पहले वाक्य में 'धीरे से' शब्द का अर्थ है-

- चुपचाप
- बिना आहट के
- किसी को पता न चले

जबकि दूसरे वाक्य में धीरे-धीरे का अर्थ है –

- आराम से
- तसल्ली से

**वाक्यों के रेखांकित अंशों का अर्थ समझाइए –**

- टप्! पेड़ से आम टपका ।
- टप् – टप् – टप् ! पेड़ से आम टपकने लगे ।

2. नीचे दी गई वर्ग पहेली में खाने की आठ चीज़ों के नाम दिए गए हैं। खोजकर लिखिए–


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| चा | ज | चा | व | ल |
| ट | ले | ह | ल | वा |
| च | बी | दा | खी | र |
| ट | प | ल | पू | री |
| नी | क | खि | च | ड़ी |

------------------------ ------------------------ ------------------------

------------------------ ------------------------ ------------------------

## कुछ करने के लिए

1. आपके आस-पास कौन-कौन से पेड़ हैं? उनके नाम लिखिए।
2. पेड़ों से होने वाले फायदों के बारे में बताइए।
3. अपने बुजुर्गों से बात करके पता कीजिए कि उनके समय में गाँव में पेड़ों की संख्या अधिक थी या आज अधिक है। यदि पेड़ों की संख्या कम हुई है तो उसके क्या कारण हैं? पेड़ों की संख्या बढ़ाने के उपाय खोजिए।
4. इस कविता को कहानी के रूप में सुनाइए और लिखिए।
5. श्री कृष्ण बचपन में क्या-क्या शरारतें करते थे? पता कीजिए, पढ़िए और कक्षा में सुनाइए।



Developed by: AB SOL www.absol.in